सांध्य दैनिक

आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535

*NewsPaper*NewsPortal*NewsChannel

# डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

DGR Detective Group Report

सतर्क रहें-सजग रहें अभियान

www.dgr.co.in | www.detectivegroupreport.com

वर्ष : 11 अंक : 43 | इंदौर, मंगलवार 26 अगस्त, 2025 | पेज : 8, मूल्य : 2 रुपए

## सौरभ भारद्वाज के घर ईडी की रेड जारी

◆ केजरीवाल बोले- AAP को परेशान किया जा रहा



**नई दिल्ली, (एजेंसी)** आम आदमी पार्टी के नेता और पूर्व मंत्री सौरभ भारद्वाज के 13 ठिकानों पर ईडी छापेमारी कर रही है. उनके घर पर भी रेड चल रही है. AAP सरकार के दौरान स्वास्थ्य ढांचे से जुड़ी परियोजनाओं में बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार का आरोप लगाते हुए मामले में पूर्व स्वास्थ्य मंत्रियों सौरभ भारद्वाज और सत्येंद्र जैन के खिलाफ ईडी ने जुलाई में केस दर्ज किया था. अब रेड की जा रही है, जिसपर पूर्व सीएम अरविंद केजरीवाल ने कहा, 'मोदी सरकार आम आदमी पार्टी के पीछे पड़ गई है' और ये कि 'AAP को टारगेट किया जा रहा है.'

सौरभ भारद्वाज के घर ED की रेड पर पूर्व सीएम अरविंद केजरीवाल ने कहा, 'यह मोदी सरकार द्वारा एजेंसीज के दुरुपयोग का एक और मामला है. मोदी सरकार आम आदमी पार्टी के पीछे पड़ गई है. जिस तरह "आप" को टारगेट किया जा रहा है, ऐसे इतिहास में किसी पार्टी को नहीं किया गया. "आप" को इसलिए टारगेट किया जा रहा है क्योंकि मोदी सरकार की गलत नीतियों और भ्रष्ट कामों के खिलाफ सबसे मुखर आवाज "आप" की है. मोदी सरकार हमारी आवाज दबाना चाहती है. ये कभी नहीं होगा.' AAP के कार्यकाल के दो स्वास्थ्य मंत्री सौरभ भारद्वाज और सत्येंद्र जैन की भूमिका 5,590 करोड़ रुपये के कथित घोटाले में जांच के दायरे में है. ईडी के मुताबिक, 2018-19 में आम आदमी पार्टी सरकार ने 24 अस्पताल परियोजनाओं को मंजूरी दी थी. योजना थी कि छह महीने के भीतर आईसीयू अस्पताल तैयार कर दिए जाएंगे, लेकिन दावा है कि अब तक काम पूरा नहीं हुआ, जबकि 800 करोड़ रुपये से ज्यादा खर्च हो चुके हैं. अब तक सिर्फ 50% काम ही पूरा हुआ है.

## ट्रंप के अतिरिक्त 25% टैरिफ की समय-सीमा करीब आते ही लुढ़का बाजार, सेंसेक्स-निफ्टी में गिरावट



# मोहन कैबिनेट में नए मेडिकल कॉलेजों पर होगा डिस्कशन

## पीथमपुर-उज्जैन तक मेट्रो रूट बढ़ाने और साइंटिफिक उपकरण खरीदी के प्रस्ताव को मिलेगी मंजूरी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

भोपाल, एजेंसी। मोहन कैबिनेट की बैठक मंगलवार को हो रही है। जिसमें इंदौर और उज्जैन के बीच प्रस्तावित मेट्रो रूट को मंजूरी दी जा सकती है। प्रदेश में श्योपुर और सिंगरौली में नए मेडिकल कॉलेज खोले जाने और धार, बैतूल, पन्ना व कटनी में पीपीपी मोड पर नए मेडिकल कॉलेज बनाए जाने को लेकर भी मंत्रिमंडल की बैठक में चर्चा होगी।



इंदौर में मेट्रो सेवा शुरू हो चुकी है। भोपाल में मेट्रो सेवाएं जल्द से जल्द शुरू करने की तैयारी के बीच सरकार इन दोनों शहरों को मेट्रोपॉलिटिन सिटी बनाने का फैसला भी कर चुकी है। इसी तारतम्य में इंदौर मेट्रो को विस्तारित करने के नगरीय विकास और आवास विभाग के प्रस्ताव को आज मोहन कैबिनेट में मंजूरी दी जाएगी। सिंहस्थ के चलते मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव 2028 के पहले उज्जैन को इंदौर मेट्रो से जोड़ना चाहते हैं, ताकि यहां आने वाले श्रद्धालुओं को आवागमन में आसानी हो। इसके चलते कैबिनेट आज इंदौर से उज्जैन के बीच मेट्रो को मंजूरी दे सकती है। यह करीब 50 किमी लंबा रूट होगा, जिससे इंदौर मेट्रोपॉलिटिन क्षेत्र के विकास को मजबूती मिलेगी। बैठक में इंदौर से पीथमपुर तक के मेट्रो रूट को आगे बढ़ाने पर भी चर्चा के बाद मंजूरी दी जा सकती है। इसी बैठक में भारतीय न्याय संहिता की मजबूती के लिए गृह विभाग द्वारा लाए जाने वाले साइंटिफिक उपकरण खरीदी के प्रस्ताव को भी मंजूरी दी जाएगी।

विधायक गोलू शुक्ला की नगर निगम से मांग

# गणेश उत्सव के दौरान बंद की जाए मांस-मदिरा की दुकान

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। इंदौर। इंदौर 3 के विधायक गोलू शुक्ला ने गणेश उत्सव के त्यौहार को देखते हुए महापौर पुष्यमित्र भार्गव और जिला प्रशासन से मांग की है कि मंदिरों के आसपास स्थित मांस-मदिरा की दुकान बंद रखी जानी चाहिए।**

गोलू शुक्ला ने सोमवार को कहा कि मैं मांग कर रहा हूं कि गणेश चतुर्थी पर मांस दुकान पूरी तरह से बंद हों या फिर उन्हें पर्दे में रखा जाए। खजराना गणेश मंदिर और बड़ा गणपति क्षेत्र का खासतौर पर ध्यान दिया जाए। गोलू शुक्ला ने कहा कि बड़े मंदिरों के आसपास मांस-मदिरा की दुकान पूरी तरह से प्रतिबंधित होनी चाहिए।




विधायक ने कहा कि 27 अगस्त से गणेश उत्सव शुरू हो रहा है। इसलिए महापौर से मुलाकात कर गणेश उत्सव के दस दिन तक मीट दुकानों को पूरी तरह से बंद रखने की मांग करेंगे। विधायक ने अनवर कादरी के मामले को लेकर कहा कि पुलिस लगी हुई है, जल्द कादरी गिरफ्त में आएगा। बीजेपी सह मीडिया प्रभारी नितिन दिवेदी ने बताया कि इंदौर में कई मंदिरों से कुछ दूर ही मीट दुकानें हैं। यहीं से श्रद्धालु गुजरते हैं। इस कारण उपवास में अशुद्धता का भाव उत्पन्न होता है। इंदौर में इस साल त्यौहार के समय 4 दिन पहले भी दुकान बंद रह चुकी है। नगर निगम 30 मार्च को गुड़ी पड़वा/चेटीचंड, 6 अप्रैल को रामनवमी, 10 अप्रैल को महावीर जंयती और 12 मई को बुद्ध जयंती के दिन इंदौर नगर निगम सीमा में सभी मांस की दुकानें बंद करने के आदेश दे चुका है। ऐसा ही आदेश पिछले साल भी जारी किया गया था। महापौर पुष्यमित्र भार्गव ने नगरवासियों से अपील करते हुए कहा कि आगामी दस दिवसीय गणेश उत्सव में 'माटी गणेश अभियान' और पर्यावरण संरक्षण को अपनाया जाए। उन्होंने सभी गणेश समितियों से आग्रह किया कि पंडाल थ्री-आर (Reduce, Reuse, Recycle) के आधार पर तैयार किए जाएं। स्वच्छता का संदेश देने वाले पंडालों का विशेष रूप से सम्मान किया जाएगा।

सराफा को लेकर फैसला, मेयर ने कहा-

# चौपाटी नहीं हटेगी

◆सुरक्षा और समय का ध्यान रखेंगे

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर**। इंदौर को स्वाद की राजधानी का दर्जा दिलाने वाली सराफा चाट चौपाटी को लेकर सोना-चांदी बेचने वाले कारोबारी विरोध में हैं। इसे लेकर नगर निगम में मेयर पुष्य मित्र भार्गव ने सोमवार को बैठक बुलाई। इसमें चौपाटी के दुकानदार और सराफा कारोबारी शामिल हुए। मेयर ने बैठक में कहा कि निगम यह फैसला ले चुका है कि सराफा चौपाटी नहीं हटेगी। यह इंदौर की पहचान है, लेकिन चौपाटी में सुरक्षा और चाट की दुकानें लगने के समय का पालन कराया जाएगा। बैठक में सराफा व्यापारियों ने कहा कि पहले चौपाटी में परंपरागत व्यंजनों की दुकानें लगती थीं। दुकानदार अपने घरों से व्यंजन बनाकर लाते थे, लेकिन अब वहां पर व्यंजन बनाए जाते हैं। इससे आग लगने का खतरा बना रहता है। दुकानों में लाखों रुपये के जेवर रखे रहते हैं। इसके अलावा चौपाटी लगाने के लिए दुकानदार जल्दी आ जाते हैं, जबकि अब सोने-चांदी खरीदने के लिए ग्राहक रात में भी आते हैं। सोने-चांदी व्यापारियों ने कहा कि चाट चौपाटी के कारण हमारा धंधा प्रभावित हो रहा है। हम चाहते हैं कि चौपाटी को सराफा के बजाए कहीं और शिफ्ट किया जाए। इस पर मेयर भार्गव ने कहा कि सराफा चौपाटी विश्व प्रसिद्ध है। वह इंदौर की पहचान है। वहां परंपरागत व्यंजनों के साथ सुरक्षित तरह से दुकानें लगें, हम यह चाहते हैं। सराफा चौपाटी हटा नहीं सकते। चौपाटी लगने का समय क्या होगा, उसे नियमित करेंगे। उन्होंने कहा कि यह बात एकदम स्पष्ट है कि सराफा इंदौर की धरोहर है। इंदौर को स्वाद की राजधानी बनने में सराफा की बड़ी भूमिका है। यहां आने वाले पर्यटकों की सुरक्षा का ध्यान रखते हुए चौपाटी का संचालन होगा। उसका समय तय होगा। इस बात का भी ध्यान रखा जाएगा कि सराफा कारोबारियों का भी नुकसान न हो। हमने सराफा चौपाटी के संचालन के लिए एक कमेटी भी गठित की थी। उसकी रिपोर्ट में भी सुरक्षा पर जोर दिया गया है।



## सहकारी उपनगर मंडल ऑफिस में मारपीट

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

इंदौर। **सहकारी उपनगर मंडल मर्यादित कार्यालय में मारपीट के मामले में प्रबंधक ने एक युवक के खिलाफ केस दर्ज कराया है। आरोपी ने भूखंड आवंटित करने को लेकर उनके साथ मारपीट और बदसलूकी की। इस मामले में उन्होंने पुलिस को लिखित शिकायत की। इस पर एफआईआर दर्ज की गई है।**

राजेन्द्र नगर पुलिस ने बताया कि रविन्द्र तिवारी निवासी सुदामा नगर की शिकायत पर शिवेन्द्र उर्फ पंकज पुत्र अनुरोध शर्मा के खिलाफ केस दर्ज किया गया है। रविन्द्र ने बताया कि वह सहकारी उपनगर मंडल मर्यादित कार्यालय में प्रबधंक के पद पर काम करते हैं। रविवार दोपहर 2 बजे के लगभग शिवेन्द्र संस्था के एक भूखंड के आवंटन को लेकर उनसे मिला। उन्होंने इसके लिए 31 जुलाई को आवेदन किया था। जिसमें साइज बढ़ाकर नामांतरण चाह रहे थे। उस समय संस्था के संचालक सुनिल शर्मा, महिला संचालक उर्मिला पंवार मौजूद थे। वह आफिस में आकर बेहोशी का नाटक करने लगे। उन्होंने आरोप लगाया कि जो 21 स्क्वायर फीट का आवेदन किया है। उसे आवंटित करने को लेकर दबाव बनाने लगे। इसके बाद वह अपशब्द करने लगे। उन्होंने यहां पर झूमाझटकी की। इसके बाद वह धमकी देकर मौके से चले गए। इसके बाद मामले की जानकारी संस्था की अध्यक्ष को दी थी। वही थाने आकर रविन्द्र ने एफआईआर दर्ज कराई है।

## चिराग ने ही भिंड से कारोबार के लिए इंदौर बुलाया था विवेक को

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर**। चिराग ने 12 साल पहले विवेक को भिंड से इंदौर बुलाया था और कारोबार में अपना साझेदार बनाया था। पहले वह अपने भाइयों के साथ ग्वालियर में कारोबार करता था। हत्या के बाद भिंड व ग्वालियर में रहने वाले परिवार के लोग भी गायब है। अपने व्यापारिक साझेदार चिराग जैन की हत्या करने वाले विवेक जैन का दो दिन बाद भी पुलिस को कुछ पता नहीं चला। आरोपी को पकड़ने के लिए पुलिस ने दो टीमें बनाई हैं। पुलिस को आशंका है कि विवेक भिंड की तरफ भागा होगा। वह अपने मोबाइल भी हत्या के बाद चिराग जैन के फ्लैट पर छोड़ गया था। हत्या के बाद वह अपनी कार बायपास पर छोड़ कर भाग गया। अफसरों को आशंका है कि वह बस या किसी टैक्सी से भागा है। पुलिस बायपास के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की मदद से यह पता लगा रहे है कि उसने कार कब रखी। उसके जरिए उस वक्त वहां से गुजरने वाली बसों की जानकारी जुटाई जा रही है। पुलिस ने विवेक पर दस हजार का इनाम भी घोषित किया है। विवेक की पत्नी से पुलिस को बताया कि विवेक साझेदारी टूटने के बाद से ही तनाव में था। वह हर हाल में कर्ज से मुक्त होकर अपनी प्रापर्टी बैंक से छुड़ाना चाहता था। इस कारण वह बार बार चिराग से विवाद करने लगा था। फोन पर भी अक्सर धमकियां देता था। चिराग ने विवेक और उसके परिवार वालों के खिलाफ पुलिस में शिकायत करने की तैयारी भी की थी। चिराग ने भी 12 साल पहले विवेक को भिंड से इंदौर बुलाया था और कारोबार में अपना साझेदार बनाया था। पहले वह अपने भाइयों के साथ ग्वालियर में कारोबार करता था। हत्या के बाद भिंड व ग्वालियर में रहने वाले परिवार के लोग भी गायब है। चिराग की पत्नी ने आरोपी विवेक के पिता और भाई पर भी आरोप लगाए है। उनके खिलाफ भी पुलिस ने केस दर्ज किया है। विवेक के पिता और भाई भी चिराग को प्रताड़ित करते है। हत्या के बाद से भाई और पिता भी फरार है।

# राजनाथ सिंह सहित तीनों सेना प्रमुख आज महू आएंगे

युद्ध पद्धति में नवाचार और रणनीतिक विमर्श पर होगा 'रण संवाद'

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर**। ऑपरेशन सिंदूर के बाद पहली बार देश की तीनों सेनाओं द्वारा युद्ध पद्धति में नवाचार और रणनीतिक विमर्श को लेकर राष्ट्रीय स्तर का 'रण संवाद 2025' आयोजित किया जा रहा है। यह आयोजन 26 और 27 अगस्त को महू के सैन्य संस्थान में होगा। आयोजन के लिए कल रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह महू पहुंचेंगे।

कार्यक्रम की तैयारियां जारी हैं। सोमवार को इसी सिलसिले में इंदौर एयरपोर्ट पर प्रशासन, पुलिस और अन्य विभागों की बैठक एडीएम रोशन राय ने ली। बैठक में बताया कि केंद्रीय मंत्री का दो दिन का दौरा रहेगा। 26 अगस्त को इंदौर से सीधे डॉ. आंबेडकर नगर महू जाएंगे। 27 अगस्त को पूर्वान्ह इंदौर से नई दिल्ली के लिए प्रस्थान करेंगे। बैठक में एडीएम ने निर्देश दिए कि सभी तैयारियां निर्धारित मापदंड के अनुसार सुनिश्चित की जाए। बैठक में आवागमन, आवास, सुरक्षा, आकस्मिक चिकित्सा सहित अन्य व्यवस्थाओं पर चर्चा की गई। रक्षामंत्री राजनाथ सिंह के साथ सीडीएस जनरल अनिल चौहान, थलसेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी, नेवी चीफ एडमिरल दिनेश कुमार त्रिपाठी और वायु सेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल अमरप्रीत सिंह भी उपस्थित रहेंगे। आयोजन के दौरान 26 से 28 अगस्त तक महू को नो-फ्लाई जोन घोषित किया है। महू और आसपास के इलाके में कोई ड्रोन भी नहीं उड़ा सकेंगे। देश में पहली बार तीनों सेनाओं का संयुक्त सेमिनार हो रहा है। इसमें थल सेना, जल सेना और वायु सेना के वरिष्ठ अधिकारी शामिल होंगे। इस संवाद में युद्ध, युद्धनीति और युद्ध पर आधुनिक तकनीक के प्रभाव जैसे विषयों पर चर्चा होगी। इसमें सेनाओं के अफसर बल्कि रक्षा उद्योग विशेषज्ञ, शिक्षाविद् और अंतरराष्ट्रीय प्रतिनिधि भी विचार साझा करेंगे।



## 4 सितंबर को पदभार लेंगे इंदौर शहर-जिला अध्यक्ष

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर**। कांग्रेस के नव नियुक्त शहर और जिला अध्यक्ष 4 सितंबर को गांधी भवन स्थित कांग्रेस कार्यालय में पदभार ग्रहण करेंगे। इससे पहले कांग्रेस लोकतंत्र की रक्षा और जनता के अधिकारों की आवाज़ बुलंद करने के संदेश के साथ दोपहर 12 बजे 'वोट चोरी विरोध यात्रा' निकालेगी। हालांकि इस यात्रा का मार्ग अभी तय नहीं किया गया है।

कांग्रेस सूत्रों के मुताबिक हाल ही में दिल्ली में आयोजित प्रशिक्षण कार्यशाला (पाठशाला) में शहर और जिला अध्यक्षों को एक महीने के भीतर पूरे करने के लिए चार अहम काम सौंपे गए हैं। सूत्रों ने बताया कि इन आंदोलनों में फिलहाल 'वोट चोरी' मुद्दे को प्रमुखता देने के निर्देश दिए गए हैं। अध्यक्षों को यह भी कहा गया है कि हर आंदोलन और गतिविधि की रिपोर्ट दिल्ली भेजनी होगी। यानी नए अध्यक्षों के हर कदम पर दिल्ली की सीधी नजर रहेगी। बैठक के दौरान कांग्रेस मुख्यालय के बाहर विरोध प्रदर्शन भी हुआ। इंदौर ग्रामीण जिला अध्यक्ष विपिन वानखेड़े की नियुक्ति को लेकर देपालपुर से आए पार्टी कार्यकर्ताओं ने दफ्तर के बाहर विरोध किया और विपिन वानखेड़े को हटाने की मांग की। कार्यकर्ता धरने पर बैठ गए। उनकी मांग है कि इंदौर ग्रामीण जिला अध्यक्ष विपिन वानखेड़े को हटाया जाए और उनकी जगह किसी स्थानीय नेता को मौका मिले। कांग्रेस कार्यकर्ताओं का आरोप कि दूसरे जिले के नेता को इंदौर में अध्यक्ष बनाया गया है।

## सांवेर विधानसभा क्षेत्र में एक लाख पौधे लगाए जाएंगे

**इंदौर।** जल संसाधन मंत्री तुलसीराम सिलावट की अध्यक्षता में सांवेर विधानसभा क्षेत्र में चल रहे विभिन्न विकास कार्यों की समीक्षा बैठक शासकीय महाविद्यालय सांवेर में सम्पन्न हुई। बैठक में मंत्री श्री सिलावट ने लोक निर्माण विभाग, कृषि विभाग, स्कूल शिक्षा विभाग, स्वास्थ्य विभाग, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा विभाग सहित विभिन्न विभागों द्वारा किए जा रहे विकास कार्यों की समीक्षा की। बैठक में मंत्री श्री सिलावट ने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि सभी विकास कार्यों में गुणवत्ता, पारदर्शिता और समयसीमा का विशेष ध्यान रखा जाए। वर्तमान समय में सभी विकास कार्यो में इन तीन बिंदुओं अत्यंत अवश्य है। इसलिए सभी विभाग समन्वय के साथ कार्य करें। अधिकारी कार्यालयों में बैठने के बजाय मैदान पर जाकर कार्यों की प्रगति देखें और उसकी सतत मॉनिटरिंग करें। केन्द्र और राज्य सरकार द्वारा चलायी जा रही विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं के लाभ से कोई भी हितग्राही वंचित नहीं रहें। सांवेर विधानसभा क्षेत्र के वरिष्ठजनों को मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना से जोड़े।

# फार्महाउस मालिक को बंधक बनाकर डकैती

## बदमाशों ने कहा- चेहरा देखने की कोशिश मत करो, वर्ना जान से मार देंगे

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। चंदन नगर स्थित नावदा पंथ में किसान मोतीलाल वाधवानी को बंधक बनाकर डकैती की गई। घटना रविवार देर रात करीब डेढ़ बजे की है। करीब एक दर्जन हथियारबंद बदमाश फार्महाउस में घुसे और किसान के साथ लात-घूंसों से मारपीट कर चाकू गले पर रख दिया।**

बदमाशों ने कर्मचारियों से भी मारपीट की। उन्होंने लोहे की रॉड से अलमारी का लॉक तोड़ा और 1 लाख कैश, दो सोने की चेन के अलावा तीन मोबाइल भी ले गए। पुलिस ने केस दर्ज करते हुए आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है। वारदात के दौरान कुछ बदमाश घर के बाहर खड़े होकर पहरा दे रहे थे। चंदन नगर थाने के टीआई इंद्रमणि पटेल ने बताया कि किसान की शिकायत पर केस दर्ज कर लिया है। अभी जांच चल रही है।


मोतीलाल वाधवानी

बदमाशों ने वाधवानी के कर्मचारी कमल, रोहित और एक अन्य के हाथ-पैर बांधे और उनके गले से भी चांदी की चेन निकाल ली। चाकू से रोहित को चोट पहुंचाई और मौके से भाग गए। वे किसी को सूचना न दे पाएं, इसलिए बदमाशों ने उनके मोबाइल फोन खेत में फेंक दिए। किसान मोतीलाल वाधवानी ने पुलिस को बताया कि मैं नावदा पंथ स्थित फार्महाउस में अपने कमरे में सो रहा था, दरवाजा अटका रखा था। रात 1:30 बजे 6 व्यक्ति कमरे में घुसे, उनके हाथों में टामी, कटर और चाकू थे। मुझसे पैसे, सोने-चांदी का पूछा। बताने से मना करने पर उन्होंने टामी, लात-घूसों से पीटा। जिससे मेरे सीने, दाहिने कंधे के नीचे, दाहिनी आंख, माथे और होंठ पर चोट आई है। वाधवानी ने बताया कि मेरे सिर पर चाकू रखकर धमकी दी कि हमारा चेहरा देखने की कोशिश मत करो, वर्ना जान से मार देंगे। वाधवानी ने बताया कि बदमाशों ने हाथ-पैर और मुंह कपड़े से बांध दिया। मैंने अलमारी की चाबी नहीं दी, तो टामी से अलमारी का लॉक तोड़ दिया। उसमें रखे एक लाख रुपए, मेरे तीनों मोबाइल ले गए। बरामदे में रहने वाले कर्मचारी रोहित और कमल के हाथ बाहर छिपे बदमाशों ने बांध दिए। रोहित के पेट में चाकू से चोट पहुंचाई है। दोनों की चांदी की चेन छीन ली। कुछ बदमाश बाहर झोंपड़ी में कर्मचारियों को धमकाने के लिए खड़े थे। जाते-जाते मेरा और कर्मचारियों का मोबाइल खेत में फेंक गए।

# प्रॉपर्टी डीलर की संदिग्ध हालत में मौत

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। तिलक नगर थाना क्षेत्र अंतर्गत होटल श्री शाइन में रविवार-सोमवार की रात भोपाल के युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। वह अपने दो दोस्त के साथ पेमेंट लेने आया था। सोमवार को उज्जैन में महाकाल और नलखेड़ा में दर्शन करके भोपाल जाने वाला था। पुलिस ने मर्ग कायम कर प्रकरण जांच में ले लिया है। वहीं परिजनों को घटना की जानकारी दे दी है।**



तिलक नगर पुलिस ने बताया कि रविवार रात 2:30 बजे एमवाय अस्पताल से सूचना मिली कि 29 साल के आकाश पुत्र संतोष दाहिमा निवासी पंचशील नगर भोपाल की होटल में मौत हुई है। शनिवार को आकाश के साथ आकर होटल में रुके दोस्त अजीत ने बताया कि रात में आकाश के सीने में दर्द हुआ था। उनसे नस चढ़ना बताया और पानी पीकर सो गया। कुछ देर बाद वह झटके से उठा और कहा कि तेज दर्द के साथ घबराहट हो रही है। अजीत ने बताया कि मैंने उसे अस्पताल चलने को कहा पर उसने इनकार कर दिया और फिर से पानी पीकर सो गया। रात में जब मैं मोबाइल रख रहा था, तब आकाश को अचेत अवस्था में देखा। फिर तीसरे साथी को जगाया और एमवाय अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने परीक्षण कर आकाश को मृत घोषित कर दिया। उसने बताया कि आकाश प्रॉपर्टी डीलिंग का काम करता था और पेमेंट के लिए इंदौर आया था। उसका एक छोटा भाई भी है। अजीत ने बताया कि आकाश को अचेत अवस्था में देखने के बाद हमने 108 एम्बुलेंस को कॉल किया, तो कॉल सेंटर ने इलाके में एम्बुलेंस होने से इनकार कर दिया। इसके बाद हमने दूसरे गाड़ी का अरेंजमेंट किया और आकाश को लेकर अस्पताल पहुंचे।

### इंडेक्स मेडिकल कॉलेज में देहदान

**इंदौर।** इंडेक्स मेडिकल कॉलेज में बुजुर्ग महिला की देहदान की गई। इंडेक्स मेडिकल कॉलेज के मुताबिक पत्नी शीला चंडालिया (60 वर्ष) निवासी बैंक कॉलोनी का देहदान सोमवार को किया गया। पति मिट्ठूलाल चंडालिया ने बताया कि पत्नी ने जीवित रहते हुए देहदान का संकल्प लिया था। चंडालिया ने बताया कि पत्नी का मानना था कि मरणोपरांत अपनी देह चिकित्सा शिक्षा के छात्र-छात्राओं के लिए की जाना चाहिए। इसलिए उनके मरणोपरांत मुस्कान ग्रुप ने देहदान में हमारी सहायता की। ग्रुप के सेवादार संदीपन आर्य ने इंडेक्स मेडिकल कॉलेज के देहदान अधिकारी राज गोयल को चंडालिया की मौत के बारे में बताया और प्रक्रिया पूरी कराई।

### चलती कार में लगी आग

**इंदौर।** चोइथराम मंडी रोड पर सोमवार देर शाम एक चलती कार में अचानक आग लग गई। कार के अंदर मौजूद दंपती और उनके बेटे ने कार से बाहर निकलकर अपनी जान बचाई। कार के अगले टायर फट गए थे जिससे कार के बोनट और इंजन में आग लग गई। चोइथराम मंडी रोड पर सोमवार को बालकृष्ण वर्मा निवासी कालिंदी विद्या मंदिर द्वारकापुरी इलाके में अपने रिश्तेदार के यहां गए थे। वह वहां से वापस अपने घर जा रहे थे। इसी दौरान अचानक धुआं निकलने लगा। हादसे के दौरान उनकी पत्नी सुनीता और बेटा भी कार में बैठे हुए थे। करीब आधे घंटे तक दमकल की गाड़ी यहां नहीं पहुंची।

### दुष्कर्मी सौतेले पिता को उम्रकैद

**इंदौर।** 16 वर्षीय नाबालिग बेटी के साथ दुष्कर्म करने वाले सौतेले पिता को जिला कोर्ट ने पांच अलग-अलग धाराओं में उम्रकैद की सजा सुनाई है। आरोपी पिता ने उसके साथ चार बार दुष्कर्म किया था। मामले में मां अपने बयान से पलट गई, लेकिन कोर्ट ने डीएनए रिपोर्ट को आधार बनाया और कठोर रुख अपनाते हुए आरोपी पिता को सजा सुनाई। मामला खुडैल थाना क्षेत्र का है। पीड़िता ने 27 जुलाई 2022 को इस संबंध में अपनी मां के साथ थाने पहुंची थी और पिता के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई थी। उसने बताया कि मां और पिता चाय की दुकान पर काम करते हैं। जब भी मां अपनी सहेली के यहां जाती थी तो उसका पिता मौका देखकर उसे घर के अंदर बुला लेता था और गलत काम करता था। पिता ने ऐसा गंदा काम तीन-चार किया। पीड़िता ने बताया कि पिता धमकी देता था कि अगर उसने मां को इस बारे में कुछ कहा तो वह दोनों के हाथ-पैर तोड़ देगा।

◆ सरवटे बस स्टेंड और रेलवे स्टेशन सहित आस-पास के क्षेत्रों में

# बेतरतीब खड़ी बसों के विरुद्ध बड़ी कार्रवाई

## परिवहन विभाग के अमले द्वारा 18 बसें की गई जब्त

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर।** शहर में उच्च न्यायालय और कलेक्टर आशीष सिंह के निर्देशानुसार यातायात व्यवस्था को सुगम बनाये रखने के लिये निरंतर प्रयास जारी है। इसी क्रम में आज परिवहन विभाग के अमले द्वारा सरवटे बस स्टेंड, रेलवे स्टेशन और आस-पास के क्षेत्र में बेतरतीब खड़ी यात्री बसों के विरूद्ध मुहिम चलाई गई। इस मुहिम में आज 13 बसें जब्त की गई। इसके पहले 5 बसों को जब्त किया था, इन्हें मिलाकर कुल 18 बसें जब्त की जा चुकी है। इनमें अधिकतर उपनगरीय बसें शामिल है।




क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी प्रदीप शर्मा ने बताया कि उपनगरीय बसों से संबंधित कई प्रकार की शिकायतें प्राप्त हो रही थी, जिनमें ओव्हर स्पीडिंग, रेसिंग, यात्रियों से अधिक किराया लेने, टिकिट नहीं देने, किराया सूची चस्पा नहीं करने आदि शामिल है। इन शिकायतों के निराकरण के लिये प्रभावी कार्रवाई प्रारंभ की गई है। उन्होंने बताया कि इसके साथ ही सरवटे और रेलवे स्टेशन के आस-पास यात्री बसें बेतरतीब और अवैध रूप से खड़ी हो रही थी। बार-बार हिदायत देने के बाद भी कोई सुधार दिखाई नहीं दिया। इसको देखते हुए आज संयुक्त मुहिम चलाकर बसों की जांच की गई और अवैध रूप से खड़ी बसों को जब्त किया गया। बस संचालकों को हिदायत दी गई है कि वे अपनी बसों को निर्धारित स्थान पर खड़ा करें और निर्धारित स्थान से ही सवारी बैठाएं, ऐसा नहीं करने वालों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जायेगी।

उल्लेखनीय है कि जिला प्रशासन द्वारा निर्देश दिये गये है कि होप मिल की मुक्त कराई गई भूमि पर इस क्षेत्र की यात्री बसों को सुव्यवस्थित रूप से पार्क कराया जाये। बस संचालकों से कहा गया था कि वे इस भूमि पर अपनी बसें पार्क करें, हिदायत के बाद भी उनके द्वारा सड़क पर बेतरतीब रूप से बसें पार्क की जा रही थी।

क्षेत्रीय परिवहन कार्यालय इंदौर द्वारा लोक परिवहन वाहनों, बसों, स्कूल वाहनों सहित अन्य वाहनों की लगातार चेकिंग की जा रही है। झाबुआ टावर और पटेल ब्रिज पर बसों की सघन चेकिंग की गई। जिसमें वाहनो के फ़िटनेस परमिट बीमा PUC, कर प्रमाण पत्र भी चेक किये गए। बसों में ओवरलोडिंग, अधिक किराया की भी जांच की गई। लोगों को अपने वाहनों पर HSRP नम्बर प्लेट लगवाने के लिए प्रेरित भी किया जा रहा है। वाहन की गति, स्पीड गवर्नर सहित दस्तावेज की चेकिंग की जा रही है। दस्तावेज नहीं होने, क्षमता से अधिक सवारी पाए जाने, परमिट शर्तों का उल्लंघन करने वाली बसों, बेतरतीब खड़ी रहने वाली बसो पर कार्यवाही की गई। चेकिंग के दौरान 13 बसें रीगल ब्रिज और राजकुमार ब्रिज पर बेतरतीब खड़ी होकर सवारी बैठाते पाई गई, इन सभी 13 बसों को जब्त किया गया। साथ ही ट्रेवल्स, बस संचालकों से अपील की गई कि वह अपनी बसों को निर्धारित स्थान से ही चलाए अन्यथा बसें जब्त की जाएगी। बेतरतीब, निर्धारित स्थानों से भिन्न स्थानों से संचालित बसो की जब्ती की यह कार्यवाही लगातार जारी रहेगी।

### जिले में अब तक 412.2 मिलीमीटर

**इंदौर।** इंदौर जिले में जारी मानसून सत्र में अब तक 412.2 मिलीमीटर (16 इंच से अधिक) औसत वर्षा हो चुकी है। यह आंकड़ा गत वर्ष इस अवधि में दर्ज 591.4 (23.3 इंच) मिलीमीटर औसत वर्षा से 179.2 मिलीमीटर (7.05 इंच) कम है। भू-अभिलेख कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार आज 25 अगस्त की सुबह 8.30 बजे समाप्त हुए पिछले 24 घंटे में वर्षामापी केन्द्र इंदौर में 2.8 मिलीमीटर, महू में 4 मिलीमीटर, सांवेर में 13.1 मिलीमीटर, देपालपुर में 11.8 मिलीमीटर, गौतमपुरा में 3.9 मिलीमीटर तथा हातोद में 4 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई है। इसे मिलाकर जारी मानसून सत्र में अब तक वर्षामापी केन्द्र इंदौर में 490.9 मिलीमीटर, महू में 461.6 मिलीमीटर, सांवेर में 392 मिलीमीटर, देपालपुर में 567.1 मिलीमीटर, गौतमपुरा में 180.4 मिलीमीटर तथा हातोद में 380.9 मिलीमीटर वर्षा हो चुकी है। इसी तरह गत वर्ष इस अवधि में वर्षामापी केन्द्र इंदौर में 692.2 मिलीमीटर, महू में 432.7 मिलीमीटर, सांवेर में 647.7 मिलीमीटर, देपालपुर में 737.1 मिलीमीटर, गौतमपुरा में 573.7 मिलीमीटर तथा हातोद में 465.2 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई थी।

# केंद्रीय मंत्री श्री नड्डा और मुख्यमंत्री डॉ. यादव माँ नर्मदा की महाआरती में हुए शामिल

## माँ नर्मदा का किया अभिषेक और दीपदान

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**जबलपुर, एजेंसी।** केंद्रीय स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री जगत प्रकाश नड्डा एवं मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव पुण्य-सलिला माँ नर्मदा के पवित्र तट ग्वारीघाट में सोमवार की शाम माँ नर्मदा की महाआरती में शामिल हुए। केंद्रीय मंत्री श्री नड्डा की धर्मपत्नी श्रीमती मल्लिका बैनर्जी भी महाआरती में शामिल हुईं।



केंद्रीय मंत्री श्री नड्डा एवं मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने स्वस्ति-वाचन, हर-हर नर्मदे, माँ नर्मदा के जयकारों और नर्मदाष्टकम् के श्लोकों की गूँज के बीच पूरे विधि-विधान से पुरोहितों की मौजूदगी में माँ नर्मदा की पूजा-अर्चना कर देश तथा प्रदेश की खुशहाली और समृद्धि की कामना की। श्री नड्डा और डॉ. यादव ने माँ नर्मदा का दुग्धाभिषेक कर दीपदान भी किया। लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह, राज्यसभा सदस्य श्रीमती सुमित्रा वाल्मिकी, सांसद आशीष दुबे, महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू, विधायक एवं अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल भी माँ नर्मदा की महाआरती में शामिल हुए। महाआरती में विधायक सर्व अशोक रोहाणी, सुशील कुमार तिवारी इंदु, डॉ. अभिलाष पांडे एवं नीरज सिंह, नगर निगम अध्यक्ष रिकुंज विज, हितानन्द शर्मा, आशीष अग्रवाल, संदीप जैन, मध्यप्रदेश पर्यटन विकास निगम के पूर्व अध्यक्ष विनोद गोंटिया, पूर्व निःशक्तजन आयुक्त दीपांकर बैनर्जी, धर्माचार्य और संत समाज मौजूद रहे। नर्मदा महाआरती के समापन पर 14 वर्षीय तेजस्विनी दुबे ने माँ नर्मदा को साफ एवं स्वच्छ रखने का सभी को संकल्प दिलाया।

### केन्द्रीय कृषि मंत्री शिवराज चौहान ने छात्रों से कहा -

# 'देश छोड़कर मत जाना, ज्ञान और कौशल सेवा में लगाना'

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी। इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ साइंस एजुकेशन एंड रिसर्च (आईआईएसईआर) भोपाल के 12वें दीक्षांत समारोह में केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने छात्रों से भावुक अपील की कि वे देश छोड़कर बाहर न जाएं, बल्कि अपने ज्ञान और कौशल को भारत की प्रगति में लगाएं। इस दौरान 423 छात्र-छात्राओं को स्नातक की डिग्री प्रदान की गई।**

समारोह में संस्थान की नई इनोवेशन मैगजीन और ब्रॉशर का विमोचन हुआ तथा रिसर्च और स्टार्टअप उपलब्धियों का विस्तृत ब्योरा भी दिया गया। कार्यक्रम में उच्च शिक्षा मंत्री इंदर सिंह परमार और आईआईएसईआर चेयरपर्सन प्रो. अरविंद आनंद नाटू विशेष रूप से मौजूद रहे।



इस वर्ष बायोकेमिस्ट्री विभाग के छात्र कौशिक मेहंदी को प्रेसिडेंट गोल्ड मेडल से सम्मानित किया गया। शैक्षणिक प्रदर्शन, नेतृत्व कौशल और योगदान के आधार पर उन्हें डायरेक्टर गोल्ड मेडल के लिए भी चुना गया। इसके अलावा संस्थान ने बेस्ट एकेडमिक परफॉर्मेंस की सूची घोषित की, जिसमें वरुण अजीत नायर, आशीष शुक्ला, देवाशीष तिवारी, कौशिक मेहंदी, महेश और अगम दीप सिंह समेत अन्य छात्रों के नाम शामिल हैं।

# बारिश से ढहा मकान, मलबे में दबे युवक की मौत, ग्वालियर में तोड़ा जा रहा था घर

## एक गंभीर जिला अस्पताल में भर्ती

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**ग्वालियर, एजेंसी। ग्वालियर में 60 साल पुराना दो मंजिला मकान ढह गया। इसके मलबे में दो लोग दब गए। इनमें से एक की मौत हो गई। वहीं दूसरे को गंभीर हालत में अस्पताल ले जाया गया।**

घटना रंगियाना मोहल्ला में सोमवार दोपहर की है। मकान में नीचे टीकमगढ़ का एक परिवार किराए से रहता है। घटना के समय नीचे की मंजिल पर एक 17 साल की लड़की, उसका 16 साल का भाई निक्की और उसके पिता थे। दूसरी मंजिल पर एक मजदूर काम कर रहा था। एसडीआरएफ की टीम ने रेस्क्यू कर मलबे में दबे हुए लोगों को निकाला और हॉस्पिटल पहुंचाया। जहां मजदूर गणेश प्रजापति की मौत हो गई।



### नगर निगम ने मकान मालिक को दिया था नोटिस

यह मकान राजू शिवहरे का है। मकान में सीलन बैठ चुकी थी। मकान के जर्जर होने की शिकायत आसपास के लोगों ने की थी। जिसके बाद नगर निगम ने मकान मालिक को नोटिस दिया था। ऊपरी मंजिल ज्यादा क्षतिग्रस्त थी। इसे तुड़वाया जा रहा था।

# कटारा हिल्स में 13 साल की छात्रा ने फंदा लगाकर की आत्महत्या, नहीं मिला सुसाइड नोट

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी।** कटारा हिल्स इलाके में रहने वाली एक नाबालिग बच्ची ने फंदा लगाकर खुदकुशी कर ली। सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने मर्ग कायम कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मृतका के पास कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है। परिजनों के शोकाकुल होने के कारण किसी प्रकार की पूछताछ नहीं की जा सकी है। घरवालों के बयान के बाद ही पूरे घटनाक्रम का पता चल पाएगा।

थाना प्रभारी सुनील कुमार दुबे ने बताया कि आराध्या सिंह (13) ग्लोबल पार्क सिटी कटारा हिल्स में रहती थी। सोमवार की सुबह करीब दस बजे परिजनों ने उसे फंदे पर लटका देख नीचे उतारा और एम्स अस्पताल पहुंचाया। यहां डॉक्टरों ने जांच के बाद बच्ची को मृत घोषित कर दिया।

अस्पताल से मिली जानकारी के बाद पुलिस टीम मौके पर पहुंची और मर्ग कायम कर शव को पीएम के लिए भेज दिया। परिजनों से पूछताछ के बाद ही पूरे घटनाक्रम का खुलासा हो पाएगा। छात्रा भोपाल की एक प्रतिष्ठित निजी स्कूल में पढ़ाई करती थी। उसके पिता भी बड़े व्यक्ति बताए जा रहे हैं।

### दो शिक्षक राष्ट्रीय पुरस्कार के लिए चयनित

**भोपाल।** भारत सरकार के शिक्षा मंत्रालय द्वारा हर वर्ष दिए जाने वाले 'राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार' के लिए इस बार मध्यप्रदेश के दो शिक्षकों का चयन हुआ है। दमोह जिले के पथरिया विकासखंड के ग्राम देवरान टपरिया स्थित शासकीय प्राथमिक शाला की शिक्षिका शीला पटेल और आगर-मालवा जिले के सुसनेर विकासखंड के ग्राम खेरिया स्थित शासकीय ईपीईएस माध्यमिक शाला के शिक्षक भेरूलाल ओसारा को इस सम्मान के लिए चुना गया है। दोनों शिक्षकों को 5 सितंबर, शिक्षक दिवस के अवसर पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु नई दिल्ली में सम्मानित करेंगी।

### दो भाइयों समेत तीन की मौत

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**खंडवा, एजेंसी।** सनावद-पुनासा हाईवे पर धनगांव थाना क्षेत्र में दो बाइक की आमने-सामने भिड़ंत हो गई। हादसे के बाद बाइक सवार युवक सड़क पर गिर गए। दो मौसेरे भाइयों की वहीं मौत हो गई। वहीं एक युवक ने इंदौर ले जाते समय दम तोड़ा। दो लोग घायल हैं। मृतकों की पहचान करण पिता काशीराम बामनिया और अजय पिता राजू बामनिया के रूप में हुई। दोनों चिकढ़ालिया गांव के रहने वाले थे। दोनों मौसेरे भाई थे। वे किसी रिश्तेदार के यहां से सनावद लौट रहे थे। दोनों की उम्र करीब 25 साल थी। वहीं तीसरे युवक की पहचान अभिनव पिता श्रवण मोहे (18) के रूप में हुई।

# पुलिया से टकराई कार, इंदौर के दो लोगों की मौत

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**रायसेन, एजेंसी।** एक कार पुलिया से टकराने से दो लोगों की मौत हो गई, दो की हालत गंभीर है। कार में शामिल लोग इंदौर से नरसिंहपुर एक अंत्येष्टि में शामिल होने गए थे, वापस जाते समय हादसा हुआ। नेशनल हाईवे 45 पर सोमवार शाम करीब 5 गाय को बचाने के कारण सड़क हादसे में दो लोगों की मौत हो गई। दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए।

जयपुर-जबलपुर हाईवे पर उदयपुरा के पास सिलारी में एक कार पुलिया से टकरा गई। हादसे में कार में सवार चार लोगों में से दो की मौके पर ही मौत हो गई। टक्कर इतनी तेज थी कि कार का अगला हिस्सा पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया। कार में सवार लोग उसमें फंस गए। राहगीरों ने बड़ी मुश्किल से कार में फंसे लोगों को बाहर निकाला। मृतकों में रवि गढ़वाल (30) सहित एक अन्य व्यक्ति शामिल हैं। हादसे में गंभीर रूप से घायल लक्ष्मी गढ़वाल और सुमित गढ़वाल को रायसेन जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। कार में सवार सभी लोग इंदौर से नरसिंहपुर एक अंत्येष्टि में शामिल होने गए थे। हादसा उस समय हुआ जब वे इंदौर वापस लौट रहे थे।

## संपादकीय

# नैतिकता चुनाव जीतने या हारने से नहीं बदलनी चाहिए

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने राहुल गांधी पर निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी की नैतिकता चुनाव जीतने या हारने से नहीं बदलनी चाहिए। यह सूर्य और चंद्रमा की तरह स्थिर होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी ने पहले लालू प्रसाद यादव को बचाने वाले अध्यादेश को फाड़ दिया था, लेकिन अब वे 'आपराधिक नेताओं' के विधेयक का विरोध कर रहे हैं। अमित शाह ने न्यूज़ एजेंसी ANI को दिए इंटरव्यू में विपक्ष पर जेल से सरकार चलाने की कोशिश करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा, 'राहुल जी ने लालू जी को बचाने के लिए मनमोहन सिंह जो अध्यादेश लाए थे, उसे क्यों फाड़ दिया? उस दिन नैतिकता थी, तो अब क्या हो गया? सिर्फ इसलिए कि आप तीन बार लगातार चुनाव हार गए हैं? नैतिकता के मानक चुनाव में जीत या हार से जुड़े नहीं होते हैं. वे सूर्य और चंद्रमा की तरह स्थिर होने चाहिए।' अमित शाह ने उस अध्यादेश का जिक्र किया जो दोषी सांसदों को अपनी सीट बचाने के लिए तीन महीने की राहत देता था। यह अध्यादेश लालू प्रसाद यादव को चारा घोटाले में दोषी ठहराए जाने के बाद लाया गया था। इस अध्यादेश ने दोषी सांसदों और विधायकों को अयोग्य ठहराने के सुप्रीम कोर्ट के आदेश को प्रभावी रूप से नकार दिया था और बाद में इसे वापस ले लिया गया था। अमित शाह ने संविधान (130वां संशोधन) विधेयक, 2025 के बारे में विस्तार से बताया। यह विधेयक किसी भी प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री या मंत्री को 30 दिनों तक हिरासत में रखने पर हटाने की बात करता है। उन्होंने सवाल किया कि क्या यह उचित है कि इनमें से किसी भी संवैधानिक पद पर बैठा व्यक्ति जेल से सरकार चलाए। अमित शाह ने कहा, 'आज इस देश में NDA के मुख्यमंत्रियों की संख्या ज्यादा है। प्रधानमंत्री भी NDA से हैं, तो यह विधेयक केवल विपक्ष के लिए सवाल नहीं उठाता है। यह हमारे मुख्यमंत्रियों के लिए भी सवाल उठाता है... 30 दिनों के लिए जमानत का प्रावधान है। अगर यह एक नकली प्रकार का मामला है, तो देश के हाई कोर्ट और सुप्रीम कोर्ट अपनी आंखें बंद करके नहीं बैठे हैं। हाई कोर्ट और सुप्रीम कोर्ट कोर्ट को किसी भी मामले में जमानत देने का अधिकार है। अगर जमानत नहीं दी जाती है, तो आपको पद छोड़ना होगा। मैं देश के लोगों और विपक्ष से पूछना चाहता हूं, क्या एक मुख्यमंत्री, एक प्रधानमंत्री या एक मंत्री जेल से अपनी सरकार चला सकते हैं? क्या यह देश के लोकतंत्र के लिए उचित है?' अमित शाह ने यह भी पूछा कि क्या यह सही होगा कि देश के पीएम या सीएम जेल से सरकार चलाएं। उन्होंने कहा, 'अभी तो नरेंद्र मोदी हैं, इसलिए इसका सवाल ही नहीं है। लेकिन अगर देश के प्रधानमंत्री जेल जाते हैं, तो क्या आपको लगता है कि यह सही है कि प्रधानमंत्री या मुख्यमंत्री जेल से सरकार चलाएं? क्या इस देश में ऐसा विश्वास है कि पद पर बैठे व्यक्ति के बिना देश नहीं चलेगा? आपकी पार्टी के पास बहुमत है, इसलिए आपकी पार्टी से कोई आएगा और सरकार चलाएगा।' अमित शाह ने कहा, 'जब आपको जमानत मिल जाए, तो आपको वहां जाना चाहिए... हमें दो साल बाद सदस्यता (संसद की) क्यों खोनी चाहिए? कांग्रेस के शासन के दौरान, एक प्रावधान था कि यदि सत्र न्यायालय से दो साल से अधिक की कारावास का आदेश है, तो आपकी सदस्यता स्वतः समाप्त हो जाती है।' अमित शाह ने सोहराबुद्दीन शेख फर्जी मुठभेड़ मामले में CBI द्वारा समन किए जाने के अगले ही दिन इस्तीफा देने की बात भी याद दिलाई। उन्होंने यह भी कहा कि जब तक वे निर्दोष साबित नहीं हो गए, तब तक उन्होंने कोई संवैधानिक पद नहीं संभाला।

isha



*दो तरह के लोग होते हैं: वे जो कार्यों को अंजाम देते हैं, और वे जो काम अच्छा होने पर उसका आनंद लेते हैं और जब अच्छा नहीं होता तो शिकायत करते हैं।*

– जग्गी वासुदेव

## Health is Wealth

# क्या होगा अगर रोज पंपकिन सीड्स खाने लगे

## महिला-पुरुष दोनों के शरीर में दिखते हैं ये अंतर



हेल्दी रहना है तो नट्स एंड सीड्स को डाइट में जरूर शामिल करना चाहिए। पंपकिन सीड्स को डाइट में शामिल करने के बारे में काफी बार सुना होगा। लेकिन अगर अभी तक आप इस मल्टीन्यूट्रिशन से भरपूर सीड्स को नहीं खाते हैं। तो जरा इसके फायदे जान लें। थायराइड, गट और पीसीओएस जैसी बीमारियों के एक्सपर्ट डॉक्टर एड्रियन ने रोजाना पंपकिन सीड्स को खाने के फायदे के बारे में बताया है। जानें हर रोज अगर कद्दू के बीज खा लिए तो क्या होगा शरीर पर असर।

### ◆ हार्मोनल बैलेंस को सपोर्ट करता है

अगर आप हर दिन एक चम्मच के करीब पंपकिन सीड्स खाते हैं तो हेल्दी हार्मोंस को बैलेंस करके रखने में मदद करेगी। सबसे खास बात कि ये महिला और पुरुष दोनों के लिए एक जैसे ही फायदेमंद है। पंपकिन सीड्स में जिंक, मैग्नीशियम और हैल्दी फैट्स होते हैं जो हार्मोंस को रेगुलट करने में मदद करते हैं।

### ◆ वजन को कंट्रोल में रखता है

पंपकिन सीड्स के एक चम्मच अगर रोजाना खाए जाएं तो ये वजन को मैनेज करने में मदद करता है। दरअसल, पंपकिन सीड्स में फाइबर और नेचुरल फैट होता है। जिसकी वजह से इसे खाने के बाद पेट भरा हुआ महसूस होता हैष

### ◆ नेचुरल स्लीप में मददगार

जिन लोगों को रात को नींद नहीं आती उन्हें डाइट में एक चम्मच पंपकिन सीड्स जरूर खाना चाहिए। इसमे मौजूद ट्रीपोटॉफोन और मैग्नीशियम नर्व्स को रिलैक्स करने में मदद करता है। जिससे नींद की क्वालिटी में सुधार होता है।

### ◆ डाइजेशन में मदद

अगर पंपकिन सीड्स की मात्र एक चम्मच मात्रा रोजाना खा ली जाए तो इसमे मौजद हेल्दी फैट स्टूल को सॉफ्ट करने और फाइबर गट लाइनिंग के साथ ही कब्ज को दूर करने में मदद करता है।

### ◆ शरीर को मिलते हैं जरूरी मिनरल्स

पंपकिन सीड्स में माइक्रोन्यूट्रिएंट्स ढेर सारे होते हैं। मैग्नीनिशयम, फास्फोरस, जिंक जैसे तत्व होते हैं, जो हड्डियों को मजबूत बनाते हैं और साथ ही शरीर में आयरन की कमी को भी दूर करते हैं। जिससे एनर्जी बनी रहती है।

### ◆ भिगोकर खाएं पंपकिन सीड्स

पंपकिन सीड्स के फायदों को लेना चाहते हैं तो इन्हें भिगोकर रख दें उसके बाद खाएं। ऐसा करने से पंपकिन सीड्स में मौजूद पोषक तत्वों के अब्जार्ब्शन के चांस बढ़ जाते हैं।

New Delhi

# 14 राज्यों में नदी-नाले उफनाए, भूस्खलन ने भी बढ़ाई मुश्किल, अगले पांच से सात दिन भारी बारिश की आशंका

**नई दिल्ली, (एजेंसी)** देश के कम से कम 14 राज्यों में पिछले 24 घंटों के दौरान भारी बारिश के कारण जनजीवन बुरी तरह प्रभावित हुआ है। हिमाचल प्रदेश, राजस्थान और जम्मू-कश्मीर में हालात गंभीर हैं। नदियां-नाले उफान पर हैं। सड़कें टूटने और भूस्खलन के कारण आवाजाही बाधित हुई है। मौसम विभाग के मुताबिक, राजस्थान में अभी एक हफ्ते बारिश जारी रहने के आसार हैं। उत्तर प्रदेश में मंगलवार से मानसून की सक्रियता में कमी आ सकती है, पर मध्य प्रदेश, गुजरात, बिहार, असम, ओडिशा में पांच से सात दिनों तक भारी बारिश हो सकती है। उत्तराखंड के पर्वतीय जिलों में मंगलवार को भी भारी बारिश की संभावना है। मौसम विज्ञान



केंद्र की ओर से देहरादून समेत टिहरी, उत्तरकाशी, चमोली, रुद्रप्रयाग, बागेश्वर और पिथौरागढ़ जिले के कुछ इलाकों में भारी से भारी बारिश का येलो अलर्ट जारी किया गया है। अन्य जिलों में भी बिजली चमकने और गर्जन के साथ तेज दौर की बारिश की संभावना है। आने वाले दिनों की बात करें 29 अगस्त तक प्रदेश में मौसम की यही स्थिति रहने के आसार हैं। उत्तर प्रदेश में बीते कई दिनों से मानसून की सक्रियता बनी रही। इसके असर से प्रदेश के तराई और दक्षिणी इलाकों में कहीं मध्यम तो कहीं भारी बारिश देखने को मिली। मौसम विभाग के मुताबिक मंगलवार से यूपी में बादलों की सक्रियता घटेगी और अगले चार से पांच दिन प्रदेशभर में मानसूनी बारिश धीमी पड़ेगी। वहीं मंगलवार के लिए प्रदेश में कहीं भी भारी बारिश की कोई चेतावनी नहीं है।

Karnataka

## प्रेम प्रसंग में युवती की हत्या, मुंह में विस्फोटक पाउडर डालकर प्रेमी ने दी दर्दनाक मौत



**मैसूरु, (एजेंसी)** कर्नाटक के मैसूर जिले में एक दर्दनाक हत्या का मामला सामने आया है. भेर्या गांव के एक लॉज में प्रेमी ने महिला की हत्या कर दी और फरार हो गया. घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा और मामले की जांच शुरू की. यह मामला प्रेम प्रसंग में हत्या का बताया जा रहा है. मृतका की पहचान रक्षिता (20) के रूप में हुई है, जो हंसूर तालुक के गेरासनहल्लि गांव की रहने वाली थी. आरोपी सिद्धराजु पेरियापटना तालुक के बेट्टादापुरा गांव का रहने वाला है. जानकारी के अनुसार, रक्षिता की शादी एक प्रवासी मजदूर से हुई थी जो केरल में काम करता है. इसके बावजूद उसका आरोपी सिद्धराजु से प्रेम संबंध था. घटना वाले दिन दोनों एक लॉज में ठहरे थे, जहां किसी बात पर विवाद हो गया. गुस्से में आरोपी ने रक्षिता के मुंह में विस्फोटक पाउडर डालकर उसे मौत के घाट उतार दिया. वारदात के बाद आरोपी ने घटना को मोबाइल फोन के ब्लास्ट के रूप में दिखाने की कोशिश की. हालांकि, जब वह मौके से भागने लगा तो स्थानीय लोगों ने उसे पकड़ लिया और पुलिस के हवाले कर दिया. सलिग्रामा पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है. मैसूर एसपी विष्णुवर्धन एन ने बताया कि हत्या में इस्तेमाल किए गए रसायन की जांच एफएसएल टीम कर रही है. पुलिस ने मामले की आगे की जांच शुरू कर दी है.

Rajsthan

## 2 दिन नॉनवेज और अंडे की दुकानें बंद

**जयपुर, (एजेंसी)** राजस्थान में अब 2 दिनों तक नॉनवेज और अंडे की दुकानें बंद रहेंगी। स्वायत्त शासन विभाग ने सोमवार को इस बारे में आदेश जारी किया है। 28 अगस्त को पर्युषण पर्व और 6 सितंबर को अनंत चतुर्दशी के मौके पर ये दुकानें बंद रहेंगी। पहली बार अंडे बेचने पर भी रोक लगाई गई है। बताया जा रहा है कि सरकार ने धार्मिक संगठनों की मांग को ध्यान में रखते हुए यह फैसला लिया है। पहले, इन पर्वों पर सिर्फ बूचड़खाने और मांस बेचने वाली दुकानें ही बंद रहती थीं। अंडे बेचने पर कोई रोक नहीं थी। लेकिन इस बार अंडे की दुकानों और ठेलों को भी बंद रखने का आदेश दिया गया है। जयपुर में ही लगभग 1000 से ज्यादा अंडे बेचने वाले हैं। स्वायत्त शासन विभाग ने यह आदेश सोमवार को जारी किया। आदेश के अनुसार, 28 अगस्त को पर्युषण पर्व और 6 सितंबर को अनंत चतुर्दशी पर पूरे प्रदेश में नॉनवेज की दुकानें और बूचड़खाने बंद रहेंगे। इस बार अंडे बेचने पर भी पाबंदी लगाई गई है।

New Delhi

## विपक्ष जेल को सीएम-पीएम हाउस बनाना चाहता है : शाह

**नई दिल्ली, (एजेंसी)** गृहमंत्री अमित शाह ने सोमवार को संविधान (130वां संशोधन) विधेयक पर विपक्ष के विरोध को गलत बताया। उन्होंने कहा, 'क्या कोई मुख्यमंत्री (CM), प्रधानमंत्री (PM) या मंत्री जेल से सरकार चला सकता है। वे चाहते हैं कि उन्हें जेल से सरकार चलाने का विकल्प मिले।' न्यूज एजेंसी के इंटरव्यू में शाह ने जगदीप धनखड़ का इस्तीफा, खुद की गिरफ्तारी, संसद में विपक्ष के विरोध पर चर्चा की। उन्होंने कहा, 'कभी देश का प्रधानमंत्री जेल जाए तो क्या जेल से प्रधानमंत्री सरकार चलाए, वो क्या ठीक है? कोई मुख्यमंत्री जेल से



शासन चलाए, ये क्या ठीक है? जिस भी दल का बहुमत है, उसका कोई अन्य व्यक्ति आकर शासन चलाएगा। आपकी बेल हो जाए तो आप फिर पद संभाल लीजिए।' दरअसल, केंद्र ने 20 अगस्त को संविधान (130वां संशोधन) विधेयक लोकसभा में पेश किया। इसमें प्रावधान है कि कोई प्रधानमंत्री-मुख्यमंत्री या किसी भी मंत्री को गिरफ्तारी या 30 दिन तक हिरासत में रहने पर पद छोड़ना होगा। शर्त यह है कि जिस अपराध के लिए हिरासत या गिरफ्तारी हुई है, उसमें 5 साल या ज्यादा की सजा का प्रावधान हो। विपक्ष इसका विरोध कर रहा है।

खेल

एशिया कप से पहले संजू सैमसन का धमाका

## 42 गेंदों में शतक के साथ ठोका प्लेइंग 11 के लिए दावा

**नई दिल्ली, (एजेंसी)** एशिया कप की शुरुआत में अब ज्यादा वक्त नहीं बचा है। नौ सितंबर से टूर्नामेंट का आगाज होगा जबकि भारत अपने अभियान की शुरुआत 10 सितंबर से करेगी। इससे पहले भारतीय टीम के स्टार बल्लेबाज संजू सैमसन ने धमाकेदार प्रदर्शन के साथ सनसनी फैला दी है। उन्होंने 42 गेंदों में शतक लगाकर प्लेइंग 11 के लिए दावा मजबूत किया है।

इन दिनों सैमसन केरल क्रिकेट लीग में कोचि ब्लू टाइगर्स के लिए खेलते नजर आ रहे हैं। रविवार को एरीज कोल्लम सेलर्स के खिलाफ मैच में स्टार बल्लेबाज ने 51 गेंदों में 121 रन बनाए और टीम को जीत दिलाने में अहम भूमिका निभाई। अपनी इस पारी के दौरान दाएं हाथ के बल्लेबाज ने 14 चौके और छह



छक्के लगाए और 237 रनों के लक्ष्य को बौना साबित कर दिया। इस शानदार प्रदर्शन के लिए उन्हें प्लेयर ऑफ द मैच भी चुना गया।

सैमसन ने मोहम्मद शानू (39 रन) के साथ दूसरे विकेट के लिए 52 गेंदों पर 89 रनों की विशाल साझेदारी की। उनके आउट होने के बाद, मोहम्मद आशिक ने 18 गेंदों पर तीन चौकों और पांच छक्कों की मदद से 45* रनों की तूफानी पारी खेलकर अपनी टीम को जीत दिलाई। उन्होंने आखिरी गेंद पर शराफुद्दीन को लॉन्ग ऑन पर छक्का लगाकर मैच का रोमांचक अंत किया और जीत के लिए जरूरी छह रन पूरे कर लिए।

भारत ने अगले महीने होने वाले एशिया कप के लिए हाल ही में 15 सदस्यीय टीम घोषित की थी जिसमें गिल को भी मौका दिया गया था। गिल पिछले कुछ समय से टी20 टीम से बाहर थे और उनकी अनुपस्थिति में सैमसन ओपनिंग के लिए उतर रहे थे। अब दोनों टीम में शामिल हैं तो देखना दिलचस्प होगा कि टीम प्रबंधन किस तरह प्लेइंग-11 का संयोजन तैयार करता है। दरअसल, शुभमन गिल की टी20 टीम में वापसी से संजू सैमसन का प्लेइंग 11 में जगह बना पाना मुश्किल माना जा रहा है। गिल को अभिषेक के साथ ओपनिंग करते देखा जा सकता है, जबकि विकेटकीपर के तौर पर 15 सदस्यीय स्क्वॉड में जितेश शर्मा को शामिल किया गया है। ऐसे में देखने वाली बात होगी कि कप्तान सूर्यकुमार यादव किसे मौका देते हैं और किसे बाहर बिठाते हैं।

सिनेमा

## मां बनने वाली हैं परिणीति चोपड़ा, राघव चड्ढा ने शेयर की गुड न्यूज, लिखा-1+1=3



बधाई हो बधाई! बॉलीवुड के गलियारों में एक गुड न्यूज की लहर दौड़ गई है. एक्ट्रेस परिणीति चोपड़ा मां बनने वाली हैं. उन्होंने खुद ये खुशखबरी फैंस के साथ शेयर की. परिणीति ने बताया कि वो और पति राघव चड्ढा दो से तीन होने वाले हैं. उनके घर में नया नन्हा मेहमान आने वाला है. हालांकि इस गुड न्यूज की भनक कपिल शर्मा के शो पर ही लग चुकी थी. राघव चड्ढा ने प्रेग्नेंसी के सवाल पर कहा था कि वक्त आने पर ये गुड न्यूज जरूर देंगे. परिणीति ने उन्होंने एक स्टोरी पोस्ट ये गुड न्यूज फैंस के साथ शेयर की. एक्ट्रेस ने बताया कि वो और पति राघव चड्ढा दो से तीन होने वाले हैं. एक्ट्रेस ने एक पोस्ट शेयर किया जहां उन्होंने कैप्शन में लिखा- हमारा छोटा-सा ब्रह्मांड रास्ते में है. शुक्रिया, अपार आशीर्वाद मिला है. इसी के साथ एक्ट्रेस ने नजर लगे का इमोजी भी दिया. पोस्ट में एक्ट्रेस ने एक केक की फोटो पोस्ट की जिस पर लिखा था 1+1=3. साथ ही नन्हे-नन्हे पैरों के निशान बने हुए थे. इसी के साथ एक वीडियो भी एक्ट्रेस ने शेयर किया जहां वो पति राघव चड्ढा का हाथ थामे चलती दिखाई दे रही हैं. ये खबर सुनकर उनके परिवार, दोस्तों और फैन्स के बीच खुशी का माहौल है. हर कोई उन्हें बधाई दे रहा है. कपल शादी के दो साल बाद पेरेंट्स बनने वाले हैं. हाल ही में कपिल शर्मा शो में परिणीति चोपड़ा और राघव चड्ढा ने अपनी प्रेग्नेंसी को लेकर हंसी-मजाक भरे अंदाज में बात की थी.

## Highlights

1. **Apologise unconditionally: SC to Samay, others for mocking differently-abled people**
2. **Foreigners join locals to clean drains, roads in Gurugram, people question authorities**
3. **Sonia's aide says B'deshis also humans, can live here, BJP reacts**
4. **Police arrests father-in-law after woman killed for dowry in UP**

# OpenAI jobs in India : Multiple vacancies announced, here's how to apply

**NEW DELHI, (Agency).** OpenAI, the company behind the artificial intelligence chatbot ChatGPT, is expanding its presence in India with plans to open an office in New Delhi later this year. Ahead of the launch, the firm has already started hiring talent within the country.

How to apply?

On its official website, OpenAI has listed job opportunities under the "Careers" section. Indian applicants can filter results by selecting India as the location, narrowing down the options to the roles currently available for local operations.

At present, three positions are open, all for the role of Account Director, but spread across different departments – Digital Natives, Large Enterprise, and Strategics. Each of these roles is linked to the company's sales operations. Interested candidates can apply by clicking the "Apply Now" button next to the listing, which redirects them to a detailed role description and application portal.




Details of the vacancies

The three roles demand prior experience:

Account Director, Digital Natives: The ideal candidate should have more than seven years of experience in selling platform-as-a-service (PaaS) or software-as-a-service (SaaS). The responsibility includes managing a portfolio of accounts from onboarding to renewal.

Account Director, Large Enterprise: Applicants must have over a decade of experience in SaaS/PaaS sales with a proven record of meeting annual targets of around two million dollars. The role involves handling key client accounts throughout their journey with OpenAI.

Account Director, Strategics: For this senior role, the company expects more than 14 years of sales experience in PaaS/SaaS. The candidate will not only lead accounts but also support team recruitment and onboarding.

India's growing significance

India is emerging as one of OpenAI's most important markets. According to the company, the country is now ChatGPT's second-largest user base and also among its fastest-growing. Weekly active users in India have quadrupled in the past year. Additionally, India features in the Top Five developer markets globally on the OpenAI platform and has the largest student population using ChatGPT anywhere in the world.

# Perplexity proposes revenue-sharing model to publishers in new AI search engine

**NEW DELHI, (Agency).** Perplexity AI Inc. is offering publishers a share in the revenue their articles generate as the company looks to deal with criticism and legal action from some media outlets over use of their work.

The startup, which is building an AI search engine to compete with Google, has allocated $42.5 million to be distributed among publishers in the program, according to Chief Executive Officer Aravind Srinivas.

"AI is helping to create a better internet, but publishers still need to get paid," he said. "So we think this is actually the right solution, and we are happy to make adjustments along the way."




The media industry has clashed with artificial intelligence companies over concerns that AI-generated responses from tools like OpenAI's ChatGPT and Google's AI Overviews have cut valuable web traffic to their sites.

Jessica Chan, head of publisher partnerships at Perplexity, said in an interview that the traditional model where media outlets rely on web traffic and clicks is "an old model". "We just want to create a new standard for compensation," she said.

In the new program, publishers will be able to earn money when their content receives web traffic through Perplexity's Comet internet browser, appears in search queries on Comet and when it's used to complete tasks by Comet's AI assistant.

The funds for compensating publishers comes from the revenue earned from Comet Plus—a new subscription tier for the Comet browser that Srinivas described as being similar to Apple News. Customers will pay $5 a month to access a curated selection of content from the publishers in Perplexity's new program. Publishers will get 80% of the revenue, Perplexity keeps the rest.

While AI companies like OpenAI and Google have made bespoke multimillion dollar deals with major publishers to licence and distribute content, Perplexity is one of the first AI startups to introduce a new method of sharing revenue based on how often content appears or assists in user queries.

# महिला की झोपड़ी से 48 लाख कैश मिला

## 1 करोड़ की ब्राउनशुगर जब्त





@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। द्वारकापुरी इलाके में लंबे समय से नशे का अवैध कारोबार करने वाली हिस्ट्रीशीटर महिला को क्राइम ब्रांच ने रविवार शाम को गिरफ्तार कर लिया। कार्रवाई के दौरान महिला के परिजन की पुलिस से झड़प भी हो गई। हालात को संभालने के लिए स्थानीय थाने से अतिरिक्त फोर्स बुलानी पड़ी।**

आरोपी सीमा नाथ (32) पति महेश टोपी पर पुलिस की नजर में काफी समय से थी। वह लगातार ठिकाने बदल रही थी। रविवार को मुखबिर से मिली सूचना पर क्राइम ब्रांच ने 3 टीमें बनाकर महिला बल के साथ उसकी झोपड़ी पर दबिश दी और उसे रंगे हाथों गिरफ्तार किया। झोपड़ी से 516 ग्राम ब्राउन शुगर (कीमत करीब 1 करोड़ रुपए) और 48 लाख 50 हजार कैश जब्त गया है। छापेमारी के दौरान घर में रखी लोहे की कोठियों से 500, 200 और 100 रुपए के नोटों की गड्डियां मिलीं, जिन्हें कपड़ों के बीच छिपाकर रखा गया था। देर रात तक पुलिसकर्मी नोटों की गिनती करते रहे। पुलिस को नोट गिनने के लिए मशीन मंगानी पड़ी। जानकारी के अनुसार ये रकम 48 लाख रुपए से ज्यादा है। पुलिस का अनुमान है कि यह पैसा नशे के अवैध कारोबार से कमाया गया है। हिस्ट्रीशीटर सीमा की झोपड़ी से नशीले पदार्थ को तौलकर टोकन बनाने में इस्तेमाल आने वाला इलेक्ट्रॉनिक तौल कांटा भी जब्त किया गया है।

पूछताछ में उसने रवि काला के साथ मिलकर सस्ते दामों पर ड्रग्स खरीदकर इंदौर में बेचना कबूल किया है। सीमा नशा करने की आदी भी है। इससे पहले वह करीब दर्जन भर मामलों में जेल जा चुकी है। सीमा का आपराधिक रिकॉर्ड पहले से ही पुलिस के पास है। द्वारकापुरी पुलिस कई बार उस पर कार्रवाई कर चुकी है। हर बार वह किसी न किसी तरीके से बच निकलती थी। बताया जा रहा है कि गिरफ्तारी से बचने के लिए वह पुलिसकर्मियों के सामने अपने कपड़े फाड़ लेती थी। उनको झूठे आरोप लगाने की धमकी देती थी। यही वजह है कि पुलिस भी उसके खिलाफ कार्रवाई करने से घबराती थी।

सीमा नाथ ने महेश टोपी से लव मैरिज की थी। वहीं, उसके भाई चेतन नाथ और अर्जुन नाथ, सिरपुर इलाके में हुए चर्चित अतुल बंसल हत्याकांड में शामिल रहे हैं। वहीं, उसका पति महेश टोपी भी नशे के धंधे में लिप्त है। शुभम नेपाली नाम के अपराधी से गैंगवार भी चल रही है। कुछ दिन पहले शुभम नेपाली को भी पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेजा है।

# 55 लाख लेने के बाद रजिस्ट्री से मुकरा परिवार

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। प्रॉपर्टी सौदे में आधी रकम लेने के बावजूद रजिस्ट्री न करने और पिस्टल-बंदूक से धमकाने के मामले में क्राइम ब्रांच ने एक महिला, उसके बेटे और दो गवाहों के खिलाफ धोखाधड़ी समेत अन्य धाराओं में केस दर्ज किया है। अब मामले की जांच क्राइम ब्रांच कर रही है।**



खजराना निवासी तौसफ पुत्र फखरू अली की शिकायत पर पुलिस ने मुमताज बी पति मुंशी पटेल, उसके बेटे इरशाद, इमरान और गवाह अफजल व आशिक के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है। तौसफ ने बताया कि अक्टूबर 2024 में मुमताज बी, जो गोया कॉलोनी में रहती है, के मकान का सौदा हुआ था। इस दौरान उसे 55 लाख रुपए चेक और नकद में एडवांस के तौर पर दिए गए। शर्त थी कि शेष रकम रजिस्ट्री के समय दी जाएगी। लेकिन जनवरी तक रजिस्ट्री न होने पर मुमताज बी ने उल्टा शेष रकम की मांग शुरू कर दी और जब तौसफ ने कहा कि रजिस्ट्री के समय ही पेमेंट होगा, तो उन्होंने सौदा करने से इंकार कर दिया। इसके बाद मुमताज बी के बेटे और गवाहों ने तौसफ को घेरकर पिस्टल और बंदूक दिखाते हुए धमकाया। उन्होंने कहा कि यदि वह रजिस्ट्री या दिए गए एडवांस पैसों की वापसी की मांग करेगा तो उसके लिए ठीक नहीं होगा। तौसफ के अनुसार, आरोपी लगातार उसे जान से मारने की धमकियां दे रहे हैं। इस मामले में तौसफ ने एक सप्ताह पहले क्राइम ब्रांच में शिकायत दर्ज कराई थी। रविवार को जांच के बाद पुलिस ने सभी आरोपियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर ली।




स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक - पुष्पेंद्र पुष्प द्वारा पंकज प्रिंटर्स एंड पैकेजिंग एलयूएन-22, सेक्टर एफ, सांवेर रोड, इंडस्ट्रीयल एरिया, इंदौर से मुद्रित एवं इंडस्ट्री हाउस 15 ए.बी. रोड, ओल्ड पलासिया, इंदौर (म.प्र.) से प्रकाशित। ■ आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535
■ डाक पंजीयन : एमपी/आईडीसी/1600/2023-2025 ■ *प्रधान संपादक - पुष्पेन्द्र पुष्प, ■ फोन : 7312433667, मो.नं. 9826044334 ■ *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। ■ न्याय क्षेत्र इंदौर रहेगा।
इस समाचार पत्र में प्रकाशित विभिन्न समाचार, सूचनाएं, आलेख एवं विचार लेखकों के अपने है तथा विभिन्न समाचार एजेंसियों एवं स्त्रोतों से प्राप्त किए गए हैं अतः इनसे प्रकाशक, संपादक एवं मुद्रक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है- संपादक